Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Rail connectivity of Sirohi district, Rajasthan-laid

श्री देवजी पटेल (जालौर): मेरे संसदीय क्षेत्र स्थित सिरोही जिला केन्द्र आजादी के 74 वर्षों के बाद भी रेलवे नेटवर्क से नही जुड पाया हैं। सिरोहीवासियो को आज तक रेलवे नेटवर्क से जुड़ने का इंतजार है। सिरोही जिला केन्द्र को मारवाड बागरा और पिण्डवारा के मार्ग से रेलवे नेटवर्क से जोडा जाए । जिससे इस रेलवे मार्ग से सभी प्रमुख जैन तीर्थ 72 जीनालय, सुंधामाता मंदिर, जिरावल, पावापुरी, जसवंतपुरा अभयाराण्य, भैरोगढ आदि जुड़ जायगा। जालोर सिरोही के प्रमुख रिको औद्योगिक क्षेत्र मंडार रेवदर स्वरूपगंज के साथ साथ सिरोही जिला केन्द्र जहाँ वर्तमान में रेल सम्पर्क नहीं है यह रूट इन प्रमुख क्षेत्रो को कवर करेगा। इससे यहाँ की जनता को काफी सुविधा होगी तथा साथ ही साथ रेलवे के आय में अत्यधिक वृद्धि होने की सम्भावना हैं। सिरोही में रेलवे स्टेशन होने से जिले में पर्यटन एवं औद्योगिकरण के साथ-साथ रोजगार के नये अवसर भी उपलब्ध होंगे ।

सिरोही को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के लिए वर्ष 2016-17 मे मारवाड बागरा सिरोही शहर और पिण्डवाडा के बीच दूरी को शामिल करने वाली पिण्डवाडा मारावाड बागरा नई लाइन परियोजना के लिए सर्वेक्षण कार्य पूरा किया गया हैं सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार इस 96.4 कि०मी० नई रेल लाइन परियोजना की लागत लगभग 1526.71 करोड रूपय आंकी गई है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि सिरोही जिला केन्द्र को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने का श्रम करावे।